# पहाड़ी शैली



भारत के उत्तर-पूर्वी पहाड़ीयों में राजपुत राजाओं के संरक्षण में एक नवीनकला शैली का उद्भव हुआ। यह कलाशैली मुगल दरबार के निर्वासित चित्रकारों को संरक्षण देने से विकसीत हुई। औरंगजेब के समय से ही मुगलकलाकारों का उपहास शुरू हो गया। धीरे-२ ये कलाकार जिवीको पार्जन हेतु छोटे-२ राजाओं के संरक्षण में चले गये और वहीं बस गये। इन चित्रकारों की पीढी दर पीढी चित्रण किया गया और एक नवीन क्षेत्रिय शैली में विकसित हुई। कुछ विद्वानों ने इस शैली को राजपुत शैली भी कहने की कोशिश की किन्तु राजस्थान में भी राजपुत राजा राज करते थे इसलिये दोनों शैलीयों मे भेद करना व जातिगत आधार पर शैली का उच्चारण करना उचित नहीं होगा। क्षेत्रिय आधार पर यह राज्य पहाड़ीयों में बसे हुये थे इसलिये इसे पहाड़ी शैली कहना अधिक उचित होगा। किन्तु इसका विशाल क्षेत्र होने के कारण पहाड़ी शैली को दो भागों में बाँटा है—

(i) उत्तरी चित्रमाला

(ii) दक्षिणी चित्रमाला।

उत्तरी चित्रमाला में कांगड़ा शैली को रखा गया। जब की दक्षिणी चित्रमाला में बसौली, नुरपुर, गुलेर, कुल्लु को रखा गया है।

(i) बसौली शैली → बसौली जम्मु राज्य में जसरोटा जिले की बसौली तहसील है। इसके

अन्तर्गत 74 गाँव आते थे। ~~इन भोगों के~~
के राजाओं को पाण्डवों के वंशज माना जाता था।
इस राज्य का संस्थापक कुल्लु का राजकुमार आन पाल जिसने 765 ई. मे बंलोर नामक नाम से
इस राज्य की स्थापना की। किन्तु कलात्मक इतिहास के दृष्टिकोण से कृष्णपाल का महत्व पूर्ण योगदान रहा
जिसने 1590 ई. में अकबर के दरबार मे अपनी
उपस्थिती दर्ज करायी। भूपत पाल 1598-1655
शाहजहाँ के दरबार मे सम्मानित राजा बने।
किन्तु नुरपुर का शासक जगतसिंह, भूपत पाल से
ईर्ष्या करता था। जगत सिंह ने भूपतपाल को मुगल
कारावास मे बंद करवा दिया किन्तु भूपतपाल
वहाँ से भाग लिया इसी बिच जगतसिंह ने बसोहली
पर कब्जा कर लिया। ~~बैसे ही~~ भूपत पाल ने जेल
से भाग कर अपनी सेना इकट्ठा करके पुनः अपना
राज्य प्राप्त कर लिया (1627)। इसके पश्चात
संग्राम पाल गद्दी पर बैठा जो अल्प वयस्क था।
12 वर्ष की आयु मे ही उसने सम्पूर्ण साम्राज्य
सम्भाला व मुगल दरबार मे सबसे सुन्दर राजकुमार
के रूप मे प्रसिद्ध हुआ। दारा की बेगम इस राजकुमार
पर मुग्ध हो जाती है। 1673 से 1678 के मध्य हिन्दपाल
शासक रहा। इसके पश्चात कृपाल पाल (जन्म 1650)
शासक बना। जिसके दो रानीयाँ थी। पहली रानी
चन्द्रावल, दुसरी रानी मनकोट। मनकोट वाली
रानी सर्वप्रिय रानी थी। इसके पश्चात धीरजपाल
मैदनीपाल, जितपाल व अमृतपाल शासक बने।
अहमदशाह अब्दाली व सिख आक्रमणों के कारण

बसौहली से व्यापारिक मार्ग खुलने से अमृतपाल के समय में बसौहली बहुत समृद्ध राज्य हो गया। अमृतपाल का विवाह जम्मु की रंजीत देव की पुत्री से हुआ था इसके पश्चात विजयपाल, भुपेन्द्रपाल, कल्याणपाल शासक हुये जो राजा रणजीतसिंह के अधीन शासक रहे।

बसौहली शैली के विषय →

बसौहली शैली में वैष्णव धर्म के वल्लभाचार्य सम्प्रदाय के अनुयायी होने के कारण अधिकांशतः कृष्ण से सम्बंधित चित्र बनाये गये। किन्तु रामायण की एक प्रति भी बसौहली शैली की प्राप्त हुई है इसी प्रकार भानुदत्त कृत रसमंजरी भी प्राप्त हुई है जिसमें नायक-नायिका भेद, रसश्रृंगार को कृष्ण के रूप में चित्रित किया गया है गीतगोविन्द व बारहमासा व व्यक्ति चित्र भी बसौहली शैली के प्रिय विषय रहे हैं यहाँ पर राधा को आत्मा तथा कृष्ण को परमात्मा के मिलन का स्वरूप माना है।

बसौहली शैली की विशेषताऐ →

(i) सहजता एवम् सरलता →, बसौहली शैली में मुगल जैसा सौकुमार्य, कोमलता व परिमार्जन नहीं है किन्तु सरलता, सरसता, शक्ति तथा चमत्कारी रंगों की अपुर्व संवेगात्मक ~~तीक्षण~~ तीक्षणता, सरलता, सरसता, सहज अभिव्यक्ति

तथा आध्यात्मिकता कम व वासनात्मक भावना
ज्यादा है

(ii) हाशिये →
गहरे लाल रंग की पट्टी पर बने कहीं-2 पर
गहरे लाल रंग के स्थान पर पीला सादा रंग
सपाट हाशिये बनाये गये हैं रस मंजरी, गीत
गोविन्द की पृष्ठीका पर संस्कृत मे छन्द लिखे
किन्तु लाल हाशिये पर सफेद रंग से टाकरी लि
में लेख लिखे हुये हैं

(iii) वर्ण → बसौहली शैली में चमकदार एवं अमिश्रित रंगों का प्रयोग किया गया है जिसमे लाल रंग की प्रमुखता है इन रंगों का प्रयोग प्रतीकात्मक रूप से किया गया है जैसे लाल, प्रेम, पीला→बसन्त, सुर्य का ताप, प्रकाश व प्रेम, ज्वर का प्रीक है नीला रंग कृष्ण, बादल एवम् शान्ति का प्रीक है लाल रंग प्रेम के देवता का प्रीक है स्वर्ण एवम् रजत अलंकारिक व कशिदकारी एवम् बिजली की चमक के रूप में, हरा रंग प्रकृती के प्रतिक रूप में चित्रित किया गया है

(iv) प्रकृति → प्रकृति को अलंकारित रूप में गहरे पृष्ठ भूमि पर हल्के रंग से चित्रित की गयी है जिसमे मजनु, आम, आरक्त मोरपंखी को प्रकृति में विशिष्ट स्थान मिला है

(v) वर्षा व बादल → बादल झीना वक्राकार, बादलों में से तीव्र दामिनी स्वर्ण रंग से बनायी गयी है जिनसे कहीं पर कम कहीं पर ज्यादा वर्षा जल की रेखाये कुण्डलाकार, कमलपुष्प के साथ-२ बगुले बनाये गये हैं। जल का किनारा बहुत सुन्दर बनाया गया है।

vi) पशु-पक्षी → बसौहली शैली में सर्वाधिक गायों का चित्रण किया गया है जिसमें गायों को कांगड़ा जैसी हरियाणा जाति की मोटी ताजा गाये न बनाकर दुबली-पतली सूखे पेट की पीचकी हुई लम्बे कान से युक्त सींग वाली गायों को बनाया गया है। यद्यपि अन्य पशु-पक्षियों का भी चित्रण किया गया किन्तु वल्लभाचार्य सम्प्रदाय से सम्बंधित शैली होने के कारण कृष्ण एवम गायों का चित्रण सर्वाधिक किया गया है।

vii) पहनावा → बसौहली शैली में पुरुषों को घेरदार जामा, औरंगजेब कालीन पिछे झुकी हुई पगड़ी, महिलाओं को सुथन चोली ऊपर पिशवाज या ढीला लम्बा घेरदार चोगा, रेशमी या पारदर्शी बनाया गया है। धारीदार घाघरा, चोली पारदर्शी दुपट्टा; ओढ़े महिलाओं का चित्रण किया गया। कृष्ण को पीताम्बरी या पीली धोती, मुकुट एवम मोरपंख से युक्त चित्रित किया गया है।

(viii) आकृतियाँ एवम शारीरिक सौन्दर्य → बसौहली शैली में ढालदार माथे व ऊँची नाक एक ही सपाट रेखा से प्रवाह युक्त बनाई गयी है। नेत्र कमलाकार, शरीर बादामी रंग चित्रित किया गया है।

(ix) आभूषण → आभूषण देवता, मानव, राक्षस एवम राजा को अपनी आवश्यकता के अनुसार मुकुट एवम आभूषण पहनाये गये हैं। कुछ आकृतियों को कुण्डल, हार, कड़े, भुजबन्द, हिरा-पन्ना, के अन्य आभूषणों से पुरुषों को चित्रित किया गया है। महिलाओं को हार, बेसली, नथ, कड़े ऊपरतक करधनी एवम पायल इत्यादी के अतिरिक्त फुंदने भी बनाये गये हैं।

x) भवन → बसौहली शैली में आलेखन युक्त दरवाजे, जालीदार खिड़कियाँ, नकाशिदार लकड़ी या पत्थरों के स्तम्भ अकबरकालीन तरीके में सुन्दर नकाशी युक्त इत्रदान, पुष्पकलश, गुलाब के फूल से भरी हुई तश्तरियों का निर्माण किया गया। पिंजरों में या स्वतंत्र रूप से पक्षी को नायक-नायिका भेद की तर्ज पर चित्रित किया गया है।

# चम्बा शैली



— चम्बा हिमाचल प्रदेश का एक जिला है जो पहले पाँच राज्यों की एक राजधानी थी। पठानकोट से 77 मील दूरी पर स्थित है यहाँ पर श्रीहरिहर नाथ मन्दिर और लक्ष्मीनारायण मन्दिर उत्तर गुप्तकालीन एवम पाल शैली के शिल्प से ~~सुसज्जित~~ सुसज्जित है।

यहाँ का इतिहास दसवीं सदी से प्रारम्भ होता है। इसी समय चम्बा राज्य की स्थापना हुई थी। कला के दृष्टिकोण से 12वीं सदी से इस राज्य का महत्व है। जिसमें गणेशवर्मन ~~गणेशवर्मन~~ 1512 - 1559 प्रताप वर्मन 1559 - 1586 विरभान 1586 - 1589 पृथ्वी सिंह 1641 - 1664 छत्तर सिंह 1664 - 1690 उदयसिंह 1690 - 1720, उग्रसिंह 1720 - 1735, दलालसिंह 1735 - 1748, उमेदसिंह 1748 - 1764, राजसिंह 1764 - 1794, जीतसिंह 1794 - 1808, चढ़तसिंह 1808 - 1844, श्रीसिंह 1844 - 1870 शासक हुये। किन्तु कला के क्षेत्र में पृथ्वी सिंह व उम्मेदसिंह मुख्य हुये। च

— चम्बाशैली के विषय → — चम्बाशैली भागवतपुराण रामायण, ~~दुर्गा~~ दुर्गा सप्तसती, रुकमणी मंगल, पर सर्वाधिक चित्र बने यद्यपी ~~नायि~~ नायक - नायिका, बारहमासा, नायिका भेद पर भी पर्याप्त चित्र बने किन्तु उपरोक्त विषयों का चम्बा शैली में अधिकांशत: चित्र बना।

चम्बा शैली की विशेषतायें →

(i) रेखा → चम्बा शैली में रेखा महिन एवम् कोमल लगी है जो लाल एवम् काले रंग से बनायी गई है।

(ii) वर्ण → चम्बा शैली में बसौहली शैली की तुलना में शीतल रंगों का प्रयोग किया गया है एवम् पीले रंगों का प्रयोग बहुत कम किया गया है। नीले रंग की प्रधानता है।

(iii) आकृती → चम्बा शैली में मानवाकृति लम्बी एवम् हृष्ट-पुष्ट शरीर युक्त बनायी गयी है। जिनमें ऊँचे माथे बड़ी भारी चिबुक बड़े कर्ण स्पर्शी नयन, सुडौल पतली गर्दन बनायी गयी है।

(iv) प्रकृती → चम्बा शैली की प्रकृती में पर्वत, नदी काले मेघ, नीले आकाश, वन-उपवन उद्यान तथा वाटिका को महत्वपूर्ण स्थान मिला है। वृक्षों मे मोरपंख, मजनू, आम, केला, बरगद, कदम पीपल, आवला इत्यादी वृक्षों की प्रमुखता रही है।

(v) वेश-भूषा → चम्बा शैली में वेश-भूषा धोती, उत्तरीय, जहांगीरकालीन पगड़ी, एवम् अन्य वेशभूषा का प्रयोग पुरुषाकृतियों मे किया गया है जबकि महिलाओं को लहंगा,

पारदर्शी आँचल एवम् कंचुकी ~~बेनी~~ पहने बनाया गया है। साथ ही विषय के अनुसार आभूषणों का भी प्रयोग किया गया है।

(vi) पशु-पक्षी → चम्बा शैली में विभिन्न पशु-पक्षी का चित्रण किया गया है किन्तु गायों का चित्रण अधिकांशतः हुआ है। यहाँ पर गाये हरियाणा जैसी बनायी गई जो जम्मु शैली से समानता रखती है।

(vii) त्रि-आयामी प्रभाव → चम्बा शैली में मुगल शैली का प्रभाव होने के कारण खतपरदाज का प्रयोग किया गया है और मुख्य आकृति एवम् गौण आकृतियों में भी खतपरदाज का प्रयोग कर गोलाई लाने का प्रयास किया है।

(viii) भवन → चम्बा शैली में चित्रों की पृष्ठभूमि में भवनों का निर्माण किया गया जो पूर्णतः मुगल शैली के समान है।

चम्बा शैली के चित्रकार → चम्बा शैली के आरम्भिक चित्रकार मुगल शैली में ही प्रशिक्षित थे। और सम्भवतः मुगल दरबार से निकलकर ही चम्बा के राजा की शरण ली। जिनमें से अब तक प्राप्त नाम बंशीधर है। बंशीधर के ही वंशजों ने चम्बा शैली

मे पीढी दर पीढी काम किया। जिनमें से ईश्वर,
रामदयाल, मगनु, दुर्गा, जवाहर, सोनु, मोती,
होशियारलाल, हिरालाल मुख्य चित्रकार के रूप मे
जाने जाते हैं उपरोक्त वंशावली हिरालाल जो (जीवित)
ने इतिहासकारो को बताया। इसके अतिरिक्त अ
चित्रकारो का भी नाम प्राप्त होता है जिनमे से
कृष्णा, लाले, गंगाराम, बिलु (बिलोराम मिस्त्री)
प्रेमलाल, लहरु मिया, तारासिंह, ध्यानसिंह, विन्धीराम
मिका और उसके पौत्र अन्तरा का नाम मुख्य
चित्रकारो मे से आता है। किन्तु मिका के चित्र
सर्वश्रेष्ठ बने है।

# गुलेर

कांगड़ा का राजा हरिचन्द जंगल में आखेट करते समय रास्ता भटक गया। और एक कुंऐ में गिर गया। काफि खोज के बाद भी राजा नहीं मिला। तो उसकी रानी सती हो गई। इसी दौरान हरिचन्द का कोई उत्तराधिकारी न होने के कारण उसका छोटा भाई गद्दी पर बैठा। कुछ समय उपरान्त उस जंगल में किसी किसान ने राजा को कुँए से बाहर निकाल लिया और राजा जब कांगड़ा गया तो सब अस्त-व्यस्त मिला। किन्तु कांगड़ा के राजा अपने छोटे भाई को सिंहासन पर बैठे देख कर वह वापस लौट आया। और गुलेर में अपना राज्य स्थापीत कर लिया। इसका प्राचीन नाम हरिचन्द गुलेर था। कांगड़ा और गुलेर मे मैत्रि सम्बंध रहे क्योंकि कांगड़ा के राजा अपने बड़े भाई हरिचन्द का काफि सम्मान करता था। स्वयं हरिचन्द एक कला प्रेमी शासक था। जिसने आरम्भ से ही चित्रकार नियुक्त कर रखा था। यह वंश कटोच राजवंश के नाम से जाना जाता है। इसी वंश में रूपचन्द 1610-1635, मानसिंह 1635-1661 विक्रमसिंह 1661-1675, दिलीपसिंह 1695-1744, गोवरधन 1744-1773, ~~गुले~~

## गुलेर चित्रकला के विषय →

i) रामायण एवम महाभारत → गुलेर शैली सर्वप्रिय विषय रामायण व महाभारत रहा है। इसीलिये इस शैली में रामायण व महाभारत पर सर्वाधिक चित्र बने।

(ii) दरबारी चित्र → गुलेर शैली में राजा एवम् राजदरबार के विभिन्न मंत्रीगण एवम् मुख्य योद्धाओं के सबीहा चित्र, चित्रित किये गया।

(iii) नायक-नायिका → गुलेर शैली में नायक-नायिका चित्रण भी मुख्य विषय की भाँति चित्रित किया गया है। जिसमें कृष्ण पक्ष, अभिसारिका, उत्का (उत्का), प्रोषित पतिका, मुख्य नायक-नायिका भेद हैं। जिन पर चित्रण किया गया है।

(iv) व्यक्तिचित्र → दरबारी एवम् अन्य व्यक्ति चित्रों का निर्माण किया गया जो लघु आकृति में है।

गुलेर शैली के चित्रकार → गुलेर शैली का मुख्य चित्रकार निक निक्का था। जिसको नैनसुख के नाम से भी जाना जाता है। यह चित्रकार आरम्भ में गुलेर में चित्रण किया किन्तु बाद में चम्बा चला गया था। इसके अतिरिक्त मुगल दरबार ~~शैली से~~ से भी मुगल शैली के चित्रकार गुलेर आये। जो सबीह चित्रण व दरबारी चित्रण में पारंगत थे किन्तु क्षेत्रिय चित्रकार स्थानीय शैली में धार्मिक विषय में चित्रण करने के लिये पारंगत थे।

गुलेर शैली के प्राप्त चित्र → गुलेर शैली में चित्रित एक रेखा चित्र प्राप्त होता है जो एक देवी का है जिसके पन्द्रह भुजाये मकड़ी के जाल के समान बनायी गयी है तथा फिकी स्याही से रेखा चित्र को पक्का किया गया है।

गुलेर शैली की विशेषताये → (i) गुलेर शैली की विशेषतायें मुख्य रूप से रेखाओं के लिये जाना जाता है। क्योंकि गुलेर शैली में रेखायें लाल व काले रंग से मिश्रित बारिक रेखाओं का प्रयोग किया गया है।

(ii) वर्ण → गुलेर शैली में कांगड़ा शैली की भाँति मिश्रित रंगों का प्रयोग किया गया है किन्तु कहीं-२ पर कौतुहल वश चमकदार वर्णों का भी प्रयोग किया गया है।

(iii) रूप → ऊँचा माथा, पैनी नाक तथा इकहरी चिबुक का प्रयोग किया गया है। आकारों को लम्बा एवम सुगठित शरिर युक्त बनाया गया है।

(iv) पहनावा → स्त्रीयों को पारदर्शी आँचल, कंचुकी, छिटदार लहंगा, और कहीं-२ पर सुथन चोली भी बनाई गई है। गहने अल्प संख्या में बने। किन्तु आवश्यकता अनुसार स्वर्ण एवम रजत आभूषणों का प्रयोग किया गया है।

Teacher Signature

(V) गोलाई → गुलेर शैली में, मुगल शैली के कुछ चित्रकार कार्य करते थे। वे परदाज लगाने के पूर्ण अभ्यस्त थे। इसलिये चित्रों में खतपरदाज द्वारा गोलाई लाने का प्रयास किया गया।

(Vi) प्रकृती → गुलेर शैली में प्रकृति अलंकारिक रूप में गहरी पृष्ठभूमि पर हल्के रंगों से प्रकृति चित्रण किया गया है। प्रकृति पूर्ण अलंकारिक है। किन्तु मुगल शैली का पूर्ण प्रभाव होने के कारण प्रकृति में भी खतपरदाज द्वारा त्रि-आयामी प्रभाव परिलक्षित होता है। अधिकांशत: आम, केला, मजनू आदि का चित्रण हुआ।

(Vii) नारी चित्रण → गुलेर शैली में नायिका भेद चित्रों के कारण नारी को विशिष्ट रूप से चित्रित किया है। दुसरा कारण यह भी रहा की गुलेर शैली का उद्देश्य कामुकता पूर्ण होने के कारण नारी चित्रण विशिष्टता से हुआ। एक अन्य कारण यह भी रहा की कांगड़ा शैली में भी नारी चित्रण मुख्यतया हुआ। कांगड़ा शैली व गुलेर की मधुर सम्बंध होने कारण कांगड़ा का गुलेर पर पर्याप्त प्रभाव पड़ा।

# कांगड़ा शैली

कांगड़ा शैली की नींव राजा घमण्ड चन्द ने डाली। किन्तु उनका उत्तराधिकारी संसार चंद उससे भी ज्यादा कलाप्रिय सिद्ध हुआ। और उससे भी ज्यादा विभिन्न बंधे हुये नियम, कानूनो से निकल कर स्वछंद चित्रों पर बल दिया। जिसके कारण कांगड़ा के चित्रकारों ने अपनी दमित इच्छाओं को, भावनाओं की एवं यौवन सम्बन्धी विभिन्न कल्पना का स्वच्छन्द चित्रण हुआ।

कांगड़ा शैली के चित्रकार → कांगड़ा शैली के चित्रकार गुलेर के राजा गोवर्धन की मृत्यु के पश्चात इधर-उधर भागे जिनमे से कुछ चित्रकार कांगड़ा आ बसे। जिनमें से मानु, परखु एवं कुशलदार (नयनसुख का भतीजा) गुलेर से आये। जिसके कारण गुलेर शैली का पूर्ण प्रभाव कांगड़ा शैली पर पड़ा। परखु के पिता चुमन भी गुलेर का निवासी था जो बाद मे समलोटी जा बसा। किन्तु कांगड़ा शैली मे ही चित्रण कार्य किया। कुशनू एवं परखु इस शैली के मुख्य चित्रकार रहें।

कांगड़ा शैली के विषय → कांगड़ा शैली के मुख्य विषय तो भक्ति काव्य और रीति काव्य रहा है। किन्तु धार्मिक विषयों पर भी चित्रण किया है। जिनमें रामायण, महाभारत, हमीरहठ, नलदमयन्ती, शिव-पार्वती के साथ-2 केशव एवं बिहारीदास की रचनाओं को भी प्रमुख स्थान मिला है।

कांगड़ा शैली के प्राप्त चित्रित प्रतियाँ →

(i) भागवतपुराण की प्रतियाँ → कांगड़ा शैली में दो कारों का एक भागवत पुराण का चित्रण किया गया है। यह प्रति कांगड़ा के संग्रह से प्राप्त हुई है।

(ii) बिहारी सतसई → बिहारी सतसई की प्राप्त एक प्रति एक ही चित्रकार द्वारा ~~चित्रि~~ चित्रीत प्राप्त हुई है। जो चित्रण व अंकन के लिये अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

(iii) गुलेर शैली के चित्रकारों की प्राप्त प्रतियों में मुख्य रूप से तीन धारायें स्पष्ट हैं। किन्तु इनमें से एक धारा ही सर्वश्रेष्ठ रही है।

(iv) कांगड़ा शैली में प्राप्त फुटकर चित्र → कांगड़ा शैली में फुटकर चित्रों में ज्योमैतिक आधार चला किन्तु बाद में चित्रित किये गये फुटकर चित्रों में गोलाई युक्त चित्रण किया गया।

(v) वैष्णव धर्म पर आधारित चित्र → वैष्णव धर्म पर आधारित कांगड़ा से प्राप्त चित्रों में शृंगार दृश्यों को कृष्ण एवम् राधा के रूप में चित्रित किया गया। किन्तु साथ में धार्मिक चित्रों में रामायण को भी स्थान मिला।

कांगड़ा शैली में राजनैतिक विपत्तियाँ → 1806 ई. में नेपाल के गुरखों ने आक्रमणकारीयों के रूप ने संसारचन्द्र के अजेय, अभेदय दुर्ग कांगड़ा को ध्वस्त कर दिया। और समस्त कांगड़ा को अपने कब्जे मे ले लिया। इसी दौरान संसारचन्द्र जंगलो की शरण मे चले गये। यह पड़ाव तीन साल तक रहा। राजा संसारचन्द्र ने सिख राजा रणजीत सिंह की सहायता से इन गुरखों को हटा दिया और 1811 में पुन: कांगड़ा राज्य पर अपना राज्य स्थापित कर लिया। किन्तु राजा की समस्त शक्ति क्षीण हो चुकी थी। इसलिये कांगड़ा का दुर्ग राजा रणजीतसिंह के हाथों में चला गया। और संसार चन्द्र को रणजीतसिंह के अधीन कार्यकरना पड़ा।

उपर्युक्त घटनाक्रम से त्रस्त होकर सजनु दरबार छोड़ कर मण्डी चला गया। और राजा ईश्वरसैन के दरबार में हमीरहट का चित्रांकन किया। इसके अतिरिक्त अन्य चित्रकार गुरखा आक्रमणों के चपेट में आने से मारे गये और कुछ उम्र पाकर मर गये। इसी के साथ कांगड़ा शैली का स्वर्णिम अध्याय समाप्त हो गया।

कांगड़ा शैली में चित्रित नायिका भेद — कांगड़ा शैली में नायक - नायिका भेद पर विशिष्ट रूप से चित्रांकन हुआ है और भौतिक कल्पनाओं, इच्छाओं, भावनाओं को स्वच्छन्द रूप से चित्रित किया गया। इसी कारण नायिका

भेद चित्रण विशिष्ट रूप से हुआ। यहाँ पर नायिका तीन प्रकार की बनायी गयी -
(i) स्वयं की (स्वकीया)
(ii) दूसरे की (परकीया)
(iii) किसी की भी (सामान्य)

नायिका की आठ अवस्थाये होती है। जिन पर कांगड़ा शैली में विशिष्ट चित्रण हुआ।

(i) स्वाधीन पतीका → स्वाधीन पतीका उस नायिका को कहते हैं जिसका योग्यपति अपनी प्रेमीका से प्रेम करने को बाध्य होता है इसचित्र को राधा व कृष्ण के रूप में चित्रित किया गया है जिसमे राधा कृष्ण के पैर धो रही है या कुंज में बैठी हुई राधा कृष्ण के केश सज्जा कर रही है या कृष्ण राधा के पैर दबा रहे हैं या कृष्ण राधा के मेंहदी लगा रहे हैं

(ii) उत्कण्ठिता → उत्कण्ठिता में उस नायिका को दिखा है जिसमे नायिका के निमंत्रण पर उसका प्रेमी समय पर नहीं पहुंचता है और इसी समय नायिका के मन में जो भाव उद्वेलित होते हैं। उस नायिका को उत्कण्ठिता कहते हैं इस भाव को चित्रित करने के लिये - वृक्ष के नीचे नदी के किनारे पत्तियों की सेज पर नायक या नायिका को खड़े अथवा बैठे हुये एक दुसरे के इंतजार में बनाया गया है इसी दृश्य में वृक्ष के नीचे किसी पशु या पक्षी काले बादलों की घुमड़ गरज, चांचल चपला में नायिका अपने ~~प्रेमीका~~ प्रेमिका इंतजार कर रही है

(iii) वासकसज्जा या वासकास्था → वासक सज्जा उस नायिका को कहते हैं जो प्रेमी की प्रतीक्षा में सिढीयों में बैठे या दरवाजे पर खड़ी हुई इंतजार करती है।

(iv) अभिसंधिता :→ अभिसंधिता उस नायिका को कहते हैं जो अपने प्रियतम पर विश्वास नहीं करती। किन्तु विरह और अनुपस्थिती में बहुत दुखी हो जाती है जैसे कृष्ण-राधा का झगड़ा होने पर कृष्ण-राधा को मनाते हैं किन्तु राधा अत्यावश्क व अत्यधिक क्रोधित हो उठती है जिसके कारण कृष्ण लौट जाते हैं इसके पश्चात राधा विरह पीड़ा से व्यथित हो उठती है इसी अवस्था को अभिसंधिता कहते हैं।

(v) खंडिता → जिसका प्रेमी - प्रेमीका को छोड़ कर अन्य से प्रेम करे वह अवस्था खंडिता कहलाती है।

(vi) प्रोषित पताका → प्रोषित पताका उस नायिका को कहते हैं जो अपने प्रेमी से प्रेम तो करती है किन्तु उसका पती या प्रेमी व्यापार में व्यस्त रहने के कारण बाहर रहता है।

(vii) विप्रलब्धा → विप्रलब्धा उस नायिका को कहते हैं जो प्रेमी के निश्चित समय व स्थान तय होने पर भी वह उस स्थान पर नहीं

पहुँचाता है तो नायिका क्रोधित होकर अपने गहने वगैरह खोलकर फेंक देती है।

(viii) अभिसारिका → उस नायिका को कहते हैं जो रात्रि में घर से बाहर मिलने लिये आमंत्रित करती है। अभिसारिका दो प्रकार की होती है - (i) शुक्ल अभिसारिका।
(ii) कृष्ण अभिसारिका।

(a) शुक्ल अभिसारिका → उस नायिका को कहते हैं जो चांदनी रात में घर से बाहर अपने प्रेमी से मिलने जाती है। वह शुक्ल अभिसारिका कहते हैं। ~~तथा विभ~~

(b) कृष्ण अभिसारिका → अंधेरी रात्री में जो नायिका अपने प्रियतम से मिलने जाती है। वह कृष्ण अभिसारिका कहते हैं।

प्रेम की तीन अवस्थायें —

(i) पूर्वराग → पूर्व राग वह अवस्था है जिसमें प्रेमी व प्रेमीका एक दुसरे को वस्तुत: जानते नही है परन्तु पहली मुलाकात बीना कुछ बोले आँखो से बहुत कुछ कह दिया जाता है। इसे ही पूर्वराग कहा जाता है।

(ii) मान → इस अवस्था मे प्रेमी-प्रेमीका आपस में एक दुसरे को जानते हैं। पहचान

भी हैं किन्तु मिथ्या अभिमान के कारण वे एक-दूसरे से अलग हो जाते हैं यद्यपी वो मिलना चाहते हैं किन्तु एक दुसरे को नीचा दिखाने के कारण या अभिमान स्वरूप मिल नहीं पाते।

(iii) प्रवास → उस अवस्था में उस वियोग को लिया गया है जिसमे प्रेमी या प्रेमीका एक-दुसरे से काफी दूर हैं जैसे - विदेश गमन के कारण उत्पन्न हुआ वियोग।

• नायिका के मन में उत्पन्न 12 भाव →

| | |
|---|---|
| (i) लीला | (vii) मोट्टा इत्या |
| (ii) विलास | (viii) विवोक |
| (iii) ललित | (ix) हेल |
| (iv) वैचित्र्य | (x) बोह |
| (v) विवहार्या | (xi) खोज हो रही है। |
| (vi) किलकिंचित | (xii) |

बारहमासा → कांगड़ा शैली मे बारहमासा पर विशिष्ट चित्रण हुआ। इसलिये बारहमासा के चित्रों का विशिष्ट अध्ययन करने की आवश्यकता है।

चैत्रमास → चैत्रमास के चित्रण में पुष्पित, पल्लवित प्रकृती एवम हरा-भरा दृश्य बनाया गया है। कचनार, सेहेमल, टेसु, ढाक, सिसम,

पलाश के पुष्पित वृक्ष, सरसों के हरे-भरे खेत मंजरी से लदे हुये रसाल वृक्ष बनाये गये हैं। होली उत्सव पर छोटी-२ बालायें टेसु के रंग की करती हुई दिखाया गया है।

(ii) वैसाख, ज्येष्ठ व आषाढ़ → गुलमोर की लाल का हाथीयों को तालाब में पानी पीते हुये तथा जल-क्रिडा करते हुये, सिंह अपनी कंदराओं में जाते हुये, सांप अपने बिलो से बाहर निकलते हुये, नायिका नीले वस्त्र पहने हुये कमलपाश के नीचे बैठे हुये चित्रित किया गया है।

(iii) श्रावण, भादो → श्रावण व भाद्रपद महिने में गर्मी तो रहती है किन्तु बादलों की गर्जन के साथ वर्षा भी होती है, और गर्मी से राहत भी मिलती है इसी प्रकार विरह पीड़ा में प्रेमी-प्रेमीका को भी वर्षा में शान्ति का सुकुन मिलता है इन्ही भावों को चित्रकार ने चित्रित किया है जिसमें मेघ गर्जना, चपला की चमक, कृष्णपक्ष की काली रात्री एवम बगुलो की धवल पंक्तियाँ चित्रित की गई है।

(iv) शरद → शरद ऋतु की ठण्डक, स्वच्छ आकाश कार्तिक की चाँदनी रात के लिये प्रसिद्ध है इसी समय सुर्यास्त सुन्दरतम होता है, ऐसे मौसम में नायिकायें अपने प्रियतम की खोज करती है।

~~(v) हेमन्त →~~

(v) मार्गशीर्ष, हेमन्त → इस महिने में खेतों में पाला पड़ता है और हिमालय के शिखरों से बर्फ पिघलती है जिसकी लयात्मक ठण्डी-२ बयार से मानव कप-कपा जाता है इसी समय नायिका अपने प्रेमी को इधर-उधर खोजती रहती है।

कांगड़ा शैली में ऋतुओं को भी चार भागों में बांटा है -

(i) ग्रीष्म ऋतु
(ii) बसन्त ऋतु
(iii) पतझड़ "
(iv) शरद "

इसी प्रकार दिन को भी चार भागों में बांटा है -

(i) प्रात:
(ii) दोपहर
(iii) सांय
(iv) रात्रि

कांगड़ा शैली की विशेषतायें -

(i) कोमलता एवम् सहजता → कांगड़ा शैली के चित्रों की योजना सहपुरुजन भावात्मकता सुन्दरता, सरसता, कोमलता, छन्द और गति से दर्शक को मन्त्र मुग्ध कर लेती है। इस शैली में रेखा की बारीकी, स्वच्छता, मीने के समान चमकदार रंग, आकृतियों की गोलाई और ~~डोल~~ डोल, श्रेष्ठता के शिखर पर है। चित्र लघु आकार के ही बने हैं तथा कागज पर ही चित्रित किये गये हैं।

उपर्युक्त कागज शियालकोटी प्रयुक्त किया गया है जिसको एक दूसरे के ऊपर मुगलिया तरीके चिपका कर प्रयुक्त किये गये।

(ii) हाशिया → हाशिया पतला बनाया गया है जिस बसौहली शैली का पर्याप्त प्रभाव पड़ा और अधिकांशत: लाल रंग ही प्रयुक्त हुआ है जिसको लिपि ~~बंध~~ तथा भी किया गया है।

(iii) रूप एवम् आकार → कांगड़ा शैली में गोल चिबुक, गुलाबी अधर, सीधी नाक, केश नागिन के समान लहराते हुये, चहरे एक चश्म एवं 1½ चश्म बनाये गये हैं।

(v) वर्ण → आकृतियों में गुलाबी रंगों का प्रयोग किया गया तथा होंठ भी गहरे गुलाबी रंग से बनाये गये। प्रकृति मे विभिन्न शीतल व ऊष्ण रंगों को मिश्रित करके आवश्यकतानुसार प्रयोग किया गया है।

(vi) रेखा → कांगड़ा शैली मे रेखा महीन से महीनतम रेखाओं का प्रयोग किया गया है तथा रक्तपरदाज द्वारा आकृतियों मे एवम् प्रकृति मे गोलाई लाने का प्रयास किया है।

(vii) वस्त्र व आभूषण → (a) स्त्री → लहंगा, कांचुकी, कोहनी तक आस्तीन दार सम्मुख भाग

डोरियो से बंधा हुआ है। और कुछ खुला हुआ है। पारदर्शी दुपट्टा व रेशमी आँचल पहने हुये चित्रित किया गया है। गहनो मे कर्ण-फुल, कुण्डल, नाक की बेसरी, गर्दन मे हार, कलाईयो मे चुड़ियाँ, कड़े, अंगुलियो मे अंगुठियाँ, माथे पर बिन्दी, पैरो मे पायल, भुजाओ मे भुजबन्द, पेशवाज, कमर मे करधनी युक्त महिलाओ का चित्रण किया गया है।

(i) पुरुष → सिर पर कलंगी युक्त पगड़ी, शरीर पर जामा पायजामा (चुड़िदार), पुरुषो के कंधे पर लटकता पटका, कमर पर पेंची व मुगलीया शैली का चित्रित किया गया है। कृष्ण को पीली धोती, मोतीयों की माला, भुजाओ मे भुजबंध, सर पर मयुर पंख, सोने का मुकुट धारण किये हुये चित्रित किया है। ग्वाल-बाल छोटी लंगोटी मे या छोटे-२ जांघिया के समान वस्त्र पहने सर पर साधारण टोपी लगाये हुये, वर्षा काल मे ढाल, कम्बल भी सर पर लटकाये हुये चित्रित किया है। कपड़ो मे सलवटे फहरन एवं कपड़ो के folds यथार्थ एवं कोमल बनाये गये।

(viii) पशु - पक्षी → पशु - पक्षीयों का चित्रण भावों के अनुसार किया गया है। जैसे वर्षा मे बगुला, विरह मे सारस, कबुतर, मोर, विरह संगीनी मे हिरन एवम आगामी संदेश सुनाते हुये कौआ, बतखों का जोड़ा बहुत ही सजीव एवं यथार्थ बनाया गया है। गायो का चित्रण हरियाणा प्रजाति की मोटी ताजा बनाई गई। तथा हाथी एवं

घोड़ा भी बहुत सुन्दर बने।

(ix) वनस्पति एवं प्रकृति → प्रकृति अधिकांशतः अलंकारिक ही चित्रित है किन्तु मुगलीया प्रभाव से प्रकृति को यथार्थ भी चित्रित किया है। कांगड़ा शैली में प्रकृति का चित्रण राजस्थान एवं मुगल शैली दोनों के संगम देखा जा सकता है।

(x) रंग एवं परिप्रेक्ष → कांगड़ा शैली में लाल, पीला, नीला अमिश्रित वर्ण जबकि गुलाबी, बैंगनी, फाकतई, आसमानी, अल्जेरिया, क्रिमसम प्रमुख मिश्रित रंगों का प्रयोग किया गया साथ ही स्वर्ण एवं रजत वर्णों का भी प्रयोग किया गया।

(xi) वादक यंत्र → वाद्य यंत्रों में तंबुरे, ढोलक, मृदंग मंजिरा, वीणा एवं सितार वाद्य यंत्रों का प्रयोग किया गया।

(xii) मानवीय आत्मा → कांगड़ा शैली में मानवीय आत्मा के दर्शन होते हैं युद्धों एवम भयानक जानवरों से संकट के कारण ~~रात्रि~~ रात्रि में जब प्रेमी सुरक्षित घर लौट आता है तो असीम खुशी का ~~[illegible]~~ आसवासादन होता है यही चित्र की आत्मा है रेखा, रेखांकन, छन्द चित्र निर्माण सम्बन्धी सामग्री एवं तकनीक सभी मुगल शैली के समान है।

गढ़वाल की स्थिती → गढ़वाल जमनोत्री तथा भागीरथ के उद्गम स्थल तथा समीप ही केदारनाथ व बद्रीनाथ तीर्थ स्थल के कारण यह स्थल धार्मिक एवम प्रकृति सौंदर्य के कारण हमेशा श्रेष्ठ रहा है।

गढ़वाल का ऐतीहासिक महत्त्व → दारासिकोह जब औरंगजेब से युद्ध हार कर अफगानिस्तान की ओर भाग रहा था उसी समय उसका पुत्र सुलेमान शिकोह, ग्वालियर में था। सुलेमान शिकोह ने औरंगजेब से बचने और दाराशिकोह से मिलने की रणनीति बनाई। उस समय सुलेमान ने हुलाद्वार होते हुए लाहौर जाने का रास्ता बनाया। जिसमें अपनी सेना के काफि योद्धाओं के साथ रवाना हुआ। और रास्ते में गढ़वाल में अपना डेरा डाल लिया। उस समय गढ़वाल का शासक पृथ्वीशाह था। जिससे सुलेमान शिकोह ने कुछ समय के लिये आश्रय माँगा। पृथ्वीशाह "अतिथी देवो भव:" के सिद्धान्त पर चल कर शरण देने का वचन दे दिया। किन्तु पृथ्वीशाह की आर्थिक स्थिती काफि कमजोर थी। क्योंकि उसका पुत्र मेदनीशाह के शौक बहुत ऊँचे थे। किन्तु फिर भी पृथ्वीशाह ने अपने पुराने महल की मरम्मत करवाकर सुलेमान शिकोह को आश्रय देने का निश्चय कर लिया। किन्तु पृथ्वीशाह धन एवम अन्न की अल्प व्यवस्था होने के कारण कम से कम आदमी लाने के लिये आमंत्रित किया इसलिये सुलेमान ने कुल 17 लोगों के साथ

पृथ्वीशाह के महल में शरण ली जिनमें से कुछ चित्रकार थे। इधर औरंगजेब ने सुलेमान शिकोह को ढूंढने की कोशिश की और जानकारी मिली की सुलेमान अपने पिता से मिलने लाहौर जा रहा है और वर्तमान समय में पृथ्वीशाह की शरण में है। इसलिये जयसिंह के पुत्र रामसिंह की सेना को गढ़वाल भेज दिया। रामसिंह ने पुरे गढ़वाल को घेर लिया। और सुलेमान शिकोह को सौंप देने का आग्रह किया। इस बात से मेदनीशाह तो सहमत था। किन्तु पृथ्वीशाह इस बात से सहमत नहीं हुआ इसलिये मेदनीशाह ने नई रणनीति चुनी। कि ~~हम~~ रामसिंह से युद्ध लड़े गे जिसका सेनापति सुलेमानशिकोह को नियुक्त कर दिया जाये। क्योंकि पृथ्वीशाह बुढा व कमजोर था इसलिये सुलेमानशिकोह एक छोटी सी सेना का सेनापति बनकर ~~युद्ध~~ युद्ध के लिये निकल पड़ा। रामसिंह की बहुत बड़ी विशाल सेना ने सुलेमान को पकड़ लिया। उसी दौरान सुलेमान के साथ जो चित्रकार थे वे वहीं बस गये। इन चित्रकारों के कारण गढ़वाल में एक नयी शैली का जन्म हुआ।

गढ़वाल शैली के प्रमुख चित्रकार → गढ़वाल शैली के चित्रकारों में हरदास एवम श्यामदास प्रमुख थे। जिन्होंने सम्भवतया गढ़वाल शैली की नींव डाली क्योंकि ये दोनों ही चित्रकार सुलेमान शिकोह के बेड़े में थे। जो उसी समय यहीं पर बस गये थे दोनों ही हिंदु ~~थ~~ थे। और चित्रकारी एवम सुनारगिरी दोनों में ही प्रशिक्षित थे। क्योंकि

ये चित्रकार सुनार जाति के थे। इसलिये सुनारगीरि एक सहज ही बात है। दोनों ही चित्रकार राजस्थानी शैली में प्रशिक्षित चित्रकार थे। श्यामदास के वंशजों ने भी इसी कर्म को अपनाया जिसमें मोलाराम पुत्र, हरदास पौत्र, हिरालाल परपौत्र तथा हिरालाल का बेटा मंगतराम ने भी चित्रकारी का ही कार्य किया। मंगतराम के दो बेटे थे जिनमे से एक का नाम व ब्यौरा प्राप्त नहीं किन्तु मंगतराम का बेटा मोलाराम एक दरबारी कवि व चित्रकार के रूप में विख्यात रहा। इस समय जयकिर्तिशाह शासक था। जिसके संरक्षण में मोलाराम चित्रकारी करता था। मोलाराम को 60 गाँव जागीरी व 5 रु दैनिक वेतन मिलता था।

जयकिर्तिशाह एक निर्बल शासक सिद्ध हुआ जिसके कारण प्रद्युम्न सिंह को पुरक शासक के रूप में नियुक्त किया गया किन्तु ~~18~~ 1803 ई. में गुरखाओं की बटालियन ने पुरे गढवाल को घेर लिया और प्रद्युम्न सिंह इस युद्ध में मारा गया। गुरखाओं ने सम्पुर्ण राज्य को तहस - नहस कर दिया। इसी समय गुरखाओं ने तीन लाख लोगों में से दो लाख लोगों को बेच दिया और अंग्रेजों की सहायता से 1808 में राजा सुदर्शनशाह ने गढवाल का शासन पुनः प्राप्त किया सुदर्शनशाह भी एक कला प्रेमी शासक था। जो मोलाराम की चित्रशाला में चित्र अभ्यास करता था। सुदर्शनशाह के पश्चात क्रमशः प्रितमशाह, ~~केशव~~ केसरसिंह, चित्रसिंह, विरेन्द्रसिंह शासक हुये। जिन्होंने भी चित्रों का निर्माण करवाया।

गढ़वाल शैली के प्राप्त चित्र →

(i) आँख मिचोली → इस चित्रका चित्रकार माणकु था चाँदनी रात में कृष्ण तथा ग्वाल आँख मिचोली खेल रहे हैं एक ग्वाल कृष्ण की आँख हाथ से ढंक रहा है और कुछ लोग छिप रहे हैं कृष्ण की आँख बंद करने वाला पीछे मुड़कर छिपने की जगह ढूंढ रहा है तथा कृष्ण उसका हाथ हटा कर चोरी-2 सब देख रहे हैं

(ii) यादव स्त्रियों का अपहरण → यह चित्र चैतु का बनाया हुआ है जिसमें एक चेहरा तो 1/2 चश्मी है एवं शेष अन्य 1/4 चश्मी है यह चित्र अपहरण के समय होने वाली परिस्थितीयों के समय उत्पन्न स्थिती को यथावत दर्शाता है

(iii) रुकमणी प्रणय → यह चित्र भी चैतु का बनाया गया है तथा इस चित्र में रुकमणी के प्रणय प्रसंग को चित्रित किया है

(iv) सती का तप → इस चित्र का निर्माता भी चैतु ही था जिसमें एक सती को तप करते हुये दिखाया है

(v) महादेव की सभा → इस चित्र का निर्माता भी चैतु ही था जिसमें महादेव

को सिंहासन पर बैठे दिखाया गया है और दरबार में अन्य मंत्रीगण बैठे हुये हैं

(vi) राम-लक्ष्मण का वनवास → इस चित्र का निर्माता भी चैतु ही था जिसमें राम-व लक्ष्मण को वनवास जाते हुये दिखाया गया है। ~~उप~~ उपर्युक्त ~~से~~ फुटकर चित्रों के अतिरिक्त पोथी चित्रों का भी निर्माण किया। जिनके विषय गीत-गोविन्द, ~~और~~ बिहारी, सतीराम पर चित्रित पोथीयाँ बनाई गई एवम् इन्ही चित्रों पर फुटकर भी बनाये गये।

गढ़वाल शैली की विशेषतायें →

(i) रेखा → गढ़वाल शैली की रेखायें सरल, सुन्दर, एवम् बारिक बनी हैं किन्तु कांगड़ा शैली जैसा परिमार्जन नहीं है फिर भी सरलता एवम् सरसता के लिये गढ़वाल शैली की रेखायें ~~श्रेष्ठ~~ श्रेष्ठ है।

(ii) मानवाकृतियाँ → गढ़वाल शैली की मानवाकृतियों में कमलाकार नेत्र, लम्बी नाक, गोल-चिबुक, अभिव्यंजक हस्त मुद्रायें तथा अंग भंगिमा मुख्य विशेषता है, कहीं-२ पर काली स्याही ~~का~~ ~~प्रयोग किया गया~~ से पुताई की गई है जो जयपुर शैली का प्रभाव था।

(iii) वस्त्राभूषण → गढ़वाल शैली की स्त्रियों को

कोहनी तक आस्तीन दार चोली, लहंगा, पारदर्शी
कपड़ों की शिकन (सलवटे) कोमल छाया तथा प्रकाश
वास्तविकता का आभास करवाया गया है तथा स्त्रीयों
गहनों से अलंकृत भी किया गया है।

पुरुष आकृतीयों को लम्बा जामा, पायजा-
कमर में पटका, पहने बनाया है। कृष्ण को पीताम्ब-
मोर पंख युक्त मुकुट एवम् जनेऊ धारी चित्रित किया
है। यद्यपी उस आकृतीयों की रंग योजना सामान्य
है पर कृष्ण को नीले रंग से बनाया है।

(iv) भवन → चित्रों की पृष्ठ भूमि में रुहेला
कलम के भवन बने जिनमें शयन कक्ष,
अमलपाश, वटवृक्ष, आदि वृक्षों का चित्रण किया
गया है। भवनों के अन्तर्गत शयन कक्ष के अतिरिक्त
स्नानघर, श्रृंगार कक्ष, रसोई आदि दृश्यों को
भी चित्र में दर्शाया गया है।

(v) प्रकृति → गढ़वाल शैली के चित्रों में यमुना नदी
के तट को समतल बनाकर, पहाड़ीमय
धरातल बनाया गया है। जिनके किनारे विभिन्न वृक्षों
को राजस्थानी व मुगल शैली के प्रभाव से युक्त प्रकृति
का चित्रण किया गया है। आम, गुलमोहर, केला,
अमलपाश, वट व पीपल वृक्ष अत्यधिक मात्रा में
चित्रण किया गया है।

(vi) हाशिये → गढ़वाल शैली के हाशिये साधारण कोटि
के बने हैं किन्तु स्वर्ण व रजत रंगों

द्वारा अलंकृत भी किया है। कहीं-2 पर संगरफी तथा सवज रंग से भी हाशिये बने जो रुहेला कलम का प्रभाव है।

गढ़वाल शैली के विषय → गढ़वाल शैली के विषय कांगड़ा शैली के समान स्वच्छन्द नायक-नायिका, नायिकाभेद, बिहारीसतसई, गीत-गोविन्द एवम् मतीराम पर आधारित विषयों पर चित्रण किया गया है।

# जम्मु शैली



जम्मु शैली का ऐतिहासीक महत्त्व → कलात्मक दृष्टि से जम्मु के राजा ध्रुव 1703 - 1735 मे अस्तित्व मे आये। और कला मे काफी योगदान दिया। राजा रणजीत देव 1735 - 17.. मे शासक रहा। किन्तु अपना शासन बचाने के लिए सिक्खो की अधिनता स्वीकार करनी पड़ी। इस लिए राजनैतिक उथल - पुथल के चलते कला व कलाकारो को काफी क्षती पहुँची। ब्रजराज देव ने सिक्खों का सफाया करके स्वतंत्र राज्य की स्थापना की। इसी समय विभिन्न पहाडि राज्यों के चित्रकार जम्मु आकर बस गये। और चित्रकला में विशेष योगदान दिया। यद्यपी चित्रों का निर्माण पहले भी हो रहा था। किन्तु जम्मु में पहले आवश्यकतानुसार या तो चित्रकारों को दुसरी जगह से बुलाया जाता था या चित्र ही आयात कर लिया जाता था। किन्तु ब्रजराज देव ने चित्रकारों को पूर्ण तया आश्रय दिया। और चित्र टकसाल बनाये गये जिसके परिणाम स्वरूप आज ऐतिहासीक दृष्टिकोण से काफी चित्र प्राप्त है।

जम्मु शैली के प्राप्त चित्र

(i) राजा बलवंत देव को दरबारियों के मध्य हुक्का पीते हुये बनाया गया है। घोड़ा राजा के सम्मुख प्रस्तुत करते हुये दिखाया गया है। जिसमें राजा बलवंत देव से घोड़ा स्वीकार करते हुये प्रार्थना करते हुये दिखाया जा रहा है।

(ii) राजा बलवंत देव को ~~एक~~ एक चित्रकार अपना चित्र भेंट करते हुये दिखाया गया है।

(iii) यह चित्र दो स्पष्ट टुकड़ों में जुड़ा हुआ है। प्रथम भाग में राजा बलवंत को शामियाने में छत्र के नीचे सिंहासनासिन बैठे हुये चित्रित किया गया है तथा दुसरे चित्र में (दांये) लड़के तथा पुरूष राजा के सम्मुख कत्थक कर रहे हैं। जिसमें राजा सम्मुख मुद्रा में बैठे हुये व ~~उ~~ इनके पीछे गवये भी बैठे हुये हैं।

(iv) पहाड़ी राजाओं को समतल भू-भाग पर शिकार करते हुये बनाया गया है। इस चित्र की खोज L. Bacil gugee ने की जिसने अपनी पुस्तक "दी आर्ट आफ इंडिया एण्ड आर्ट पेन्टर्स" में भी इस चित्र का ब्यौरा दिया।

(v) मिया मुकुन्द देव का सबीह चित्र भी प्राप्त होता है। इसी प्रकार ब्रजराज देव का भी ~~ब~~ सबीह चित्र प्राप्त होता है।

(vi) ~~मिया टिड्डी, मिघालु~~, मिया टिड्डी मिघालु बोटिया का चित्र भी जम्मु में अपनी नीजि शैली में चित्रण किया।

(vii) मिया केलाशवती का चित्रण बन्द्राल शैली मिश्रित जम्मु में प्राप्त किया।

(viii) मिया ब्रजराज देव एवम् दरबारियों तथा ब
के साथ बैठे हुये चित्र प्राप्त होता है।

(ix) चम्बा का नरेश उजागर सिंह अपनी परिचारिका
के साथ व बच्चों के साथ बैठे हुये चित्रित किया
है।

(x) बहादुर सिंह का सबीह चित्र प्राप्त हुआ।
उपर्युक्त चित्रों का वर्णन
"इण्डियन पेंटिंग्स इन दा पंजाब हिलस" नामक पुस्तक
में मिस्टर आर्चर द्वारा भी लिखा गया है और
साथ ही इस पुस्तक में यह भी लिखा कि जम्मु की
कला में राजा घमण्ड चन्द व संसार चंद का पारिवारिक
